फ्रॉड | कई युवाओं को बनाया शिकार, पुलिस पकड़ लाई

लड़की की आवाज में बात कर लड़कों को प्रेम जाल में फंसाने वाला गिरफ्तार

लड़की मिलने की लालच में भेजते थे पैसा

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह। शासन द्वारा साइबर फ्रॉड से बचने सेफ क्लीक 2.0 अभियान भी कई दिनों तक चलाया। ताकि लोग फर्जी कॉल और लालच में आकर किसी भी तरह का आर्थिक नुकसान ना उठा पाए।इसके बजूद भी लोग खासकर युवा जाल मे फसकर अपना आर्थिक नुकसान कर रहे है। ऐसा ही मामला तेंदूखेड़ा में सामने आया जहां एक युवक लड़की की आवाज में युवाओं को अपनी अदाओ से फसा कर कई युवाओं से ऑनलाइन पैसा अपने खाते में डलवा रहा था। कभी तबियत ख़राब का वहाना कभी घर की परेशानी कभी रिचार्ज करवाना है। कभी अन्य जरूरत के लिए पैसा खाते मे डालवा रहा था। कई युवको ने तो दो तीन- चार बार खाते में पैसे डाले और वह लड़की ज़ब नहीं मिली तो युवाओं को शक हुआ और लड़को ने घर मे परेशान करना शुरू किया। तो युवाओं के परिजन जिनमे अधिकांश महिला शामिल थी। थाने आकर अपनी परेशानी बता कर उक्त युवती पर कार्यवाही की मांग की।जिसपर पुलिस ने मामले में सज्ञान लेते हुए उक्त मोबाइल नंबर ट्रेस करवाया तो उक्त फोन नंबर पास ही के ग्राम का निकला। युवक रत्नेश आदिवासी जो निकला। जिसे पुलिस थाने लेकर आई जहां पुलिस के सामने पूछताछ मे उसने बताया की वह ही लड़की की आवाज में युवाओं को अपने जाल मे फंसा कर रुपये अपने खाते में डलवाता था। ऐसा उसने कई युवको से कई साथ हजारों रुपय अपने खाते में डलवाता लिए। जो राशि करीब 50 हज़ार से अधिक है और उक्त मामले में अभी तक सात आठ पीड़ित सामने आये है। अभी और कई पीड़ित युवक सामने आ सकते है। पुलिस मामले को दर्ज कर जाँच कर रही है।

इनका कहना है...

कई महिलाओ व युवको की शिकायत पर लड़की द्वारा रुपया अपने खाते में डालने की शिकायत पर उत्त नंबर को ट्रेस करवा कर पतासाजी की तो उत्त नंबर पास के ही ग्राम का निकला जहां पुलिस ने दविश देकर उत्त नंबर के साथ रत्नेश आदिवासी को पकड़ा। रत्नेश ही लड़की आवाज में युवको को फंसा कर उनसे बहाने वाजी कर अपने खाते मे रुपया डलवाता था।

अर्चना आहीर एसडीओपी तेंदूखेड़ा।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने मुकेश पांडे, 4 वोटों से हुई जीत

अध्यक्ष एड. मुकेश पांड | उपाध्यक्ष एड. राजीव बद्री सिंह ठाकुर | सचिव एड. बसंत खरे | जूनियर कारकानी सदस्य एडवोकेट अभिजीत सिंह ठाकुर और विनोद पटेल

उपाध्यक्ष बने राजीव बद्री सिंह अधिवक्ताओं की लड़ाई के लिए हमेशा साथ खड़े रहेंगे

नवभारत, दमोह। जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन संपन्न हो गए हैं और मतगणना के बाद शनिवार दोपहर परिणाम भी सामने आ गया है। जिसमें अध्यक्ष पद पर मुकेश पांडे चार वोटो से विजय हुए हैं। उनकी जीत पर सभी अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी जो विजय हुए हैं उन्हें भी अधिवक्ताओं के द्वारा बधाइयां दी गई है। अपनी जीत पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने कहा कि यह परिवार का चुनाव था इसमें कोई छोटा बड़ा नहीं है। वह हमेशा सभी अधिवक्ताओं के साथ खड़े हैं। आपको बता दें जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में कुल 585 अधिवक्ता मतदाता थे.जिसमें से 548 अधिवक्ताओं ने अपने मत का उपयोग किया था।शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिला न्यायालय परिसर में यह मतदान संपन्न हुआ था।जिसमें 95 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव के साथ ही कार्यकारिणी के पदों पर यह मतदान संपन्न हुआ था।शनिवार शाम चार बजे मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी चरणजीत सिंह वाधवा के द्वारा परिणाम घोषित किए. उन्होंने बताया कि चुनाव समिति में सदस्य गणों में द्वारका प्रसाद पटेल,रामकृष्ण पाराशर,अमित पांडे,शिवम आनंद, नरेंद्र दाहिया राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव,सुश्री मंजूषा चौबे, श्याम बिहारी खरे, शोभित गुप्ता, इरशाद खान ने सहयोग किया?। उन्होंने बताया कि मुकेश पांडे अध्यक्ष पद पर विजय हुए हैं। उन्हें 261 मत प्राप्त हुए हैं जबकि उनके प्रतिद्वंदी सुरेश खत्री को 257 वोट हासिल हुए हैं। उपाध्यक्ष पद पर राजीव सिंह ठाकुर विजय हुए हैं। सचिव पद पर बसंत खरे और कार्यकारिणी में अभिजीत सिंह ठाकुर और विनोद पटेल निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन अधिकारी ने सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी। अपनी जीत पर नवागत अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मुकेश पांडे ने कहा कि यह एक परिवार का चुनाव था इसमें कोई छोटा बड़ा नहीं है। जूनियर हमारे छोटे भाई हैं और सीनियर हमारे बड़े भाई हैं। सभी अधिवक्ताओं को वह साथ लेकर चलेंगे। अधिवक्ताओं की सभी समस्याओं को वह उठाते रहेंगे। सबसे पहले न्यायालय कक्ष में अधिवक्ताओं के बैठने की उचित व्यवस्था की जाएगी।इसके अलावा अधिवक्ताओं को जो परेशानियां हो रही हैं उसके लिए भी वह हमेशा लड़ाई लड़ते रहेंगे। सभी अधिवक्ताओं का सहयोग रहा.

एक नजर में

मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल पहुंचे दमोह,मां बड़ी देवी मंदिर में दर्शन कर शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात

नवभारत,दमोह। मप्र शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार शाम को दमोह पहुंचे।दमोह पहुंचने पर सर्वप्रथम वे आमचौपरा स्थित मोंटी रैकवार के निवास पहुंचे और उनके ससुर जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।इसके बाद मंत्री पटेल मां बड़ी देवी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया. दर्शन के बाद उन्होंने मंदिर के पुजारी पंडित आशीष दत्त कटारे के पिताजी के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं.मंत्री ने दोनों परिवारों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने का आग्रह किया.

राज्यमंत्री लखन पटेल ने दमोह के जटाशंकर स्थित कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं

नवभारत,दमोह। मप्र सरकार में पशुपालन और डेयरी उद्योग राज्य मंत्री लखन पटेल ने दमोह के जटाशंकर स्थित कार्यालय में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी।शनिवार सुबह राज्यमंत्री लखन पटेल ने क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया.

विशाल लंगर-ए-आम, हिंदू-मुस्लिम ने मिलकर दी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

नवभारत,दमोह। हिंडोरिया में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय बस स्टैंड पर हजरत इमाम हुसैन रजि.व शहीदाने कर्बला की अजीमुश्शान कुर्बानी की याद में विशाल लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया। यह लंगर हक़ और बातिल की जंग में मजहब-ए-इस्लाम और पूरी इंसानियत को बचाने के लिए दी गई शहादत की याद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के मुस्लिम भाईयों के साथ बड़ी संख्या में हिंदू भाई भी शामिल हुए।

65 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का राज्यमंत्री लोधी ने किया लोकार्पण

नवभारत,जबेरा/दमोह। जबेरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम बिलतरा में 65 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने लोकार्पण किया।राज्यमंत्री लोधी ने कहा निश्चित ही इसके निर्माण से ग्राम वासियों सहित अन्य ग्रामों के नागरिक जनों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा। इस ग्राम में शासकीय भूमि ना होने के कारण निर्माण कार्य लगभग 2 वर्षों से रूका हुआ था।

हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित होंगे युवा योगेश सुमन

नवभारत,दमोह। शहर स्थित ग्राम इमलाई के युवा योगेश सुमन को समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जाएगा। उनका नाम हिंदुस्तान यूथ आइकॉन बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज होगा। यह कार्यक्रम 28 जुलाई 2026 को सहारनपुर, उत्तर प्रदेश की माँ शाकम्भरी यूनिवर्सिटी में यूथ एवरेस्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जायेगा।योगेश ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लिया और उन्हें पोषण किट उपलब्ध कराई। स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छ दमोह के लिए स्वच्छता अभियान करना,स्वास्थ्य आयुष्मान कैंप,पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, जल संरक्षण-जल चौपाल, स्वच्छ भारत,बाढ़ राहत, शिक्षा आदि जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया और समर्पण दिखाया है।

मडियादो बफरजोन में 45 एकड़ वनभूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया

बीजों का छिड़काव कर शुरू हुआ पुनर्वनीकरण

नवभारत,दमोह। पन्ना टाइगर रिजर्व के मडियादो बफरजोन अंतर्गत पाटन गांव, उदयपुरा बीट में वन विभाग ने अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई की.वन परिक्षेत्र अधिकारी जे.पी.मिश्रा के नेतृत्व में वन अमले ने कक्ष क्रमांक 38 में लगभग 18 हेक्टेयर यानी 45 एकड़ वनभूमि पर लंबे समय से चले आ रहे कृषि अतिक्रमण को हटाया.

अतिक्रमण हटाने के बाद उसी भूमि पर स्थानीय रूप से संग्रहित बबूल और खैर के बीजों का छिड़काव किया गया।वन परिक्षेत्र अधिकारी जे.पी. मिश्रा ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त की गई भूमि पर पुनर्वनीकरण के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि यहां शीघ्र जंगल तैयार हो सके।इस कार्रवाई में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी प्रमोद शुक्ला, रामगोपाल अहिरवार सहित वन अमले के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

हटा के बरबसपुरा की वंदना पटेल का एमपीपीएससी में माइनिंग इंस्पेक्टर पद पर चयन,मंत्री ने दी बधाई

नवभारत,हटा/दमोह। जिला दमोह की तहसील हटा के ग्राम बरबसपुरा निवासी श्रीमती वंदना पटेल ने एमपीपीएससी परीक्षा में माइनिंग इंस्पेक्टर के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है.वंदना स्व.चरणदास पटेल की नातिन-बहू और प्रह्लाद पटेल की सुपुत्रवधू हैं.उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह उपलब्धि हासिल की है.वंदना के चयन पर पशुपालन व डेयरी विभाग मंत्री ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं.मंत्री ने कहा कि आपकी यह सफलता हमारी बेटियों और क्षेत्र की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है ईश्वर से प्रार्थना है कि आप अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें.वंदना की इस सफलता से पूरे बरबसपुरा और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

दमोह को ड्रग फ्री बनाने की मुहिम तेज,सभी विभागों को कार्रवाई के निर्देश

मेडिकल स्टोर, रेलवे स्टेशन, अफीम की अवैध खेती और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रहेगी कड़ी निगरानी

नवभारत,दमोह। जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में गांजा, अफीम की अवैध खेती, नशीले पदार्थों की तस्करी तथा प्रतिबंधित दवाइयों के दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि विशेष रूप से मौजूद रहे।कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिले को ड्रग फ्री बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के माध्यम से युवाओं को नशे की लत से बचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि युवा पीढ़ी गलत दिशा में जाने से बच सके।

कलेक्टर यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया

स्कूल जाने की उम्र के बच्चों को नशे की लत से दूर रखने के लिए समाज,शिक्षकों और अभिभावकों की सहभागिता से व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा कि नशे के विरुद्ध अभियान को निरंतर चलाते हुए जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध खेती और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा 2028 तक ड्रग फ्री इंडिया संकल्प लिया गया है, उन्होने कहा नशे से दूरी है, जरूरी अभियान 15 जुलाई से शुरू किया जा रहा है, पुलिस अधीक्षक ने कहा ड्रग, वन, स्वास्थ्य, कृषि तथा शिक्षा विभाग सक्रिय सहयोग आवश्यक है, उन्होने कहा प्रतिबंधित दवा/सीरप की जिले में बिक्री न हो सुनिश्चित किया जायें। इस कार्यवाही में पुलिस की पूरी मदद मिलेगी, साथ ही कहा संयुक्त कार्यवाही की जाये। श्री कलादगी ने कहा अवैध तस्करी पर पुलिस कार्यवाही कर रही है, आबकारी भी कार्यवाही करें। उन्होने पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही के लिए कहा।

भाजपा ने भगवान राम के नाम पर सरकार बनाई, अब उन्हीं को लूट रहे : हर्ष

नवभारत,दमोह। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय विशाल बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ब्लॉक अध्यक्षो उप ब्लॉक अध्यक्षो उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसियों जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं को सुलझाने की बात कहीं। पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जो राम नाम की लुट मची है अयोध्या के मंदिर में पहले चंदा चोरी कर जिस तरह चढ़ावा चोरी की गई वह भाजपा और आरएसएस की मिली भगत से हुआ है और इस चोरी में छोटी मछलियों को पकड़कर बड़े चोरों का अब तक नहीं पकड़ा गया यह बात जनज न तक ले जायें।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा

नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में लाखों विद्यार्थियों का भविष्य खराब हो गया है कई छात्रों ने तो आत्महत्या तक करली किंतु देश के पीएम शिक्षा मंत्री बने हुए है। मंत्री मंत्री राजा पटेरिया, पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, जिला प्रभारी अतुल बाजपेई ने कहा कि प्रदेश के सीएम ने उज्जैन में बेशकीमती 168 एकड़ जमीन अपने पुत्रों भाई भतीजो रिश्तेदारो के नाम औने पौने दामों पर खरीद ली किंतु जब कांग्रेस पार्टी ने मुद्दा उठाया तो वह मौन हो गये उसकी भी जांच अविलंब की जायें।

तेज रफ्तार ऑटो पलटा,चालक सहित 4 महिलाएं घायल

जिला अस्पताल में भर्ती

नवभारत,दमोह। शनिवार दोपहर दमोह-हिंडोरिया मार्ग पर आमखेड़ा के पास तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में चालक सहित 4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद सभी घायलों को निजी वाहन से दमोह जिला अस्पताल लाया गया। यहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. विक्रम पटेल, डॉ. मधुर चौधरी और डॉ. पीयूष निमाड़े' ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर भर्ती किया। जानकारी के अनुसार घायल महिलाएं महक नाथ उम्र 21 वर्ष, मलका बी 48 वर्ष, सीमा परवीन 55 वर्ष और जकिया परवीन 45 वर्ष निवासी हिंडोरिया हैं। घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी और चौकी प्रभारी जबलपुर नाका प्रियंका पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों से जानकारी ली और जांच शुरू की।

हथकड़ी तोड़कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस अभिरक्षा से भागने के मामले में भी दर्ज हुआ केस

नवभारत,हटा/दमोह। थाना रनेह के अपराध क्रमांक 37/26 धारा 105 बी.एन.एस. व 24 म.प्र. आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम के मामले में आरोपी लीलाधर चौधरी पिता नन्हेभाई चौधरी निवासी ग्राम बमनपुरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को आरोपी को माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर उपजेल हटा से पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया था। 7 जुलाई की रात्रि 03:14 बजे आरोपी ने वैध अभिरक्षा से हथकड़ी तोड़कर फरार हो गया था। इस संबंध में थाना रनेह में अपराध क्रमांक 51/26 धारा 262 बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि भा.पु.से. व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के दिशा-निर्देशन में डीएसपी (ए.जे.के.) सौरभ त्रिपाठी और एसडीओपी हटा कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई.टीम में उनि. चंदन सिंह निरंजन, आर. तेजेन्द्र, आर. हर्षवर्धन पटेल व आर. भूपेन्द्र को तलाश में लगाया गया.शनिवार 11 जुलाई को मुखबिर की सूचना और सायबर सेल दमोह के आर. मयंक दुबे की मदद से पुलिस टीम ने आरोपी लीलाधर चौधरी गिरफ्तार किया.

भ्रष्टाचार | ग्राम पंचायत खैजरा लखरौनी में अनियमितताओं का अंबार

पुलिया निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप

नवभारत, पथरिया 11 जुलाई। जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में अधिकारी, सरपंच, सचिव और उपयंत्री भ्रष्टाचार की सेंध लगाए बैठे है, वहीं ग्राम पंचायत खैजरा लखरौनी में 5 लाख 50 हजार की लागत से करीब एक माह पहले पुलिया निर्माण कार्य कराया गया था।

इसमें गांव के ही एक व्यक्ति बबलू पटेल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पथरिया को लिखित शिकायत पत्र देकर अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत खैजरा लखरौनी में पुलिया निर्माण कार्य में कई अनैतिक गतिविधियों को उपयंत्री एवं आला अधिकारियों ने नजरअंदाज किया है।

एक लाख रूपये में काम पूरा किया गया

ग्रामीण ने सरपंच व सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा कि इनके द्वारा 5,50,000 की राशि निकाली गई, जबकि एक लाख रूपये में काम पूरा किया गया हैं। शिकायत में उच्च अधिकारियों से मौके पर जाकर जांच की मांग की गई है।

सरपंच व प्रतिनिधि कम पढ़े लिखे होने का उठा रहे फायदा

सरपंच पति द्वारा बताया गया कि पंचायत संबंधी सारे कार्य भी मेरे द्वारा देखे जाते है, जबकि सुनने में यह भी आ रहा है कि सरपंच व प्रतिनिधि बहुत कम पढ़ा-लिखा होने का पंचायत के दलालों द्वारा दबाब बनाकर गलत फायदा उठाया जा रहा है और शासकीय राशि की बंदरबांट कर दुरुपयोग किया जा रहा है।

मेरे सामने सही कार्य हुआ है : सरपंच पति

मामले की जानकारी के लिए वर्तमान सरपंच नत्थी बाई से संपर्क किया गया तो उनके पति परम आदिवासी ने बताया कि पुलिया निर्माण कार्य लगभग एक माह पहले कराया गया था, जिसमें मद कम आने से मेरे द्वारा स्वयं पैसा लगाया गया। इसके उपरांत मेरे सामने सही कार्य हुआ है।

पेट्रोल पंपों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

दमोह में बिना विस्फोटक लाइसेंस संचालित तीन पंप होंगे सील

10 टीमों ने एक साथ किया 10 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

दो पंपों पर स्टॉक में मिली गड़बड़ी

नवभारत,दमोह। जिले में पेट्रोल पंपों पर अनियमितताओं की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए विशेष जांच अभियान चलाया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर गठित 10 टीमों ने जिले मे पहली बार एक साथ 10 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान तीन पेट्रोल पंप बिना वैध विस्फोटक लाइसेंस के संचालित पाए गए, जिन पर सील करने की कार्रवाई की जा रही है।वहीं दो पेट्रोल पंपों पर स्टॉक में कमी मिलने पर संबंधित तेल कंपनियों को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा जा रहा है।कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से पेट्रोल पंपों पर अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।इसी के आधार पर प्रशासन ने विशेष अभियान चलाकर निरीक्षण कराया।जांच में श्री ठाकुर पेट्रोलियम (नरसिंहगढ़),एम.के. राय किसान सेवा केंद्र (चिलौद) और श्री विनायक सेवा केंद्र (बनवार) बिना विस्फोटक लाइसेंस के संचालित पाए गए, जिन पर सील करने की कार्रवाई की जा रही है,उन्होंने कहा दो अन्य पेट्रोल पंपों पर स्टॉक रजिस्टर के अनुरूप पेट्रोलियम पदार्थ का भंडारण नहीं मिला। ऐसे मामलों में संबंधित तेल कंपनियों को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है।कलेक्टर श्री यादव ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों से शासन के निर्धारित नियमों का पूर्ण पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा वैध विस्फोटक लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही पेट्रोलियम पदार्थों का भंडारण एवं विक्रय किया जाए तथा स्टॉक रजिस्टर और वास्तविक स्टॉक में किसी प्रकार की विसंगति न हो।